सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–4

राजभवन देहरादून 12 जुलाई, 2023

राज्यपाल/कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रो0 दीवान सिंह रावत को कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कुलपति पद पर नियुक्त किया है। प्रो० दीवान सिंह रावत कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि अथवा अग्रेतर आदेश, जो भी पहले हो, तक कुलपति के पद पर नियुक्त किये गए हैं। प्रो0 रावत रसायन विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली में कार्यरत हैं। (बायोडाटा संलग्न)

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति पद हेतु शासन द्वारा गठित सर्च कमेटी को 114 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से सर्च कमेटी द्वारा कार्यवाही करते हुए 05 नामों की संस्तुति की गई। राजभवन में सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत किए गए पांचों अभ्यर्थियों से राज्यपाल द्वारा अलग–अगल पारस्परिक वार्तालाप (Interaction) किया गया। अभ्यर्थियों से विश्वविद्यालय से संबंधित उनके विजन, रणनीति और विचारों के संबंध में वार्तालाप (Interaction)किया गया। वार्तालाप के उपरांत राज्यपाल/कुलाधिपति द्वारा प्रो० दीवान सिंह रावत को कुलपति पद हेतु चयनित किया गया। संपूर्ण प्रक्रिया की पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए वार्तालाप की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई।

राज्यपाल/कुलाधिपति के निर्देश के क्रम में प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में कुलपति पद की चयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता तथा शुचिता के दृष्टिगत सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत किये गये पैनल में सम्मिलित सभी नामों से राज्यपाल के वार्तालाप के समय की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा रही है। इससे पूर्व वीर माधोसिंह भण्डारी उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, गो० ब० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर, वानिकी विश्वविद्यालय भरसार पौड़ी, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार एवं श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय बादशाहीथौल टिहरी गढ़वाल के कुलपति पद पर भी सर्च कमेटी द्वारा संस्तुत पैनल में सभी अभ्यर्थियों के साथ वीडियो रिकॉर्डिंग सहित पारस्परिक वार्तालाप किया गया।

............0............